तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025





14 आयुर्वेद केवल इलाज नहीं, बल्कि निरोगी जीवन ...





14 कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदारों में घमासान फिर ...




### शिकायत की जांच पर मामला खुला, 5 फरार आरोपियों की तलाश

# फर्जी हस्ताक्षर से वन अधिकार पट्टे बनाए कांग्रेस नेता समेत तीन न्यायिक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांग्रेस के कार्यकाल में कलेक्टर, वनमंडलाधिकारी और सहायक आयुक्त के फर्जी हस्ताक्षर करके

- कांग्रेस के कार्यकाल में कलेक्टर और डीएफओ के फर्जी हस्ताक्षर से वन अधिकार पट्टा बनाने का मामला उजागर

सरकारी जमीन और जलाशय की जमीन का 08 आरोपियों ने वन अधिकार पट्टा बनाकर केसीसी लोन ले लिया। तीन माह पहले हुई शिकायत की जाँच करने पर आठ आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया, जिसमें तीन आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। 08 आरोपियों में पूर्व सरपंच, उसका बेटा, पूर्व सरपंच का पति शामिल है, जो कांग्रेसी है। चारामा में जेल भेजने की खबर के बाद राजनीति गरमाने की संभावना है। चारामा में पदस्थ नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले पिता कुशल प्रसाद पाटले ने पुलिस को बताया कि ग्राम मयाना के आवेदकगण एवं रामजी पोया, तोवेन्द्र पोया, संतोष नेवेन्द्र, गुलजार विश्वकर्मा, सहदेव सिन्हा, जीवन नेवेन्द्र एवं अन्य ग्रामवासी मयाना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा को ग्राम पंचायत मयाना में शासकीय भूमि में अवैध पट्टा वितरण किए जाने के संबंध में शिकायत 16 जुलाई को जाँच के लिए मिला। मौके पर जाँच में मिला कि वर्ष 2021-2022 के दौरान ग्राम मयाना के निवासी जीवन ठाकुर पिता रामदयाल, पूर्णिमा सिन्हा पिता पुरुषोत्तम ▶▶| शेष पेज 12 पर



### पुलिस ने दर्ज किया मामला

चारामा पुलिस ने जाँच के आधार पर आठ आरोपी जीवन ठाकुर पिता रामदयाल, पूर्णिमा सिन्हा पित्ता पुरुषोत्तम सिन्हा, सोपसिंग पिता शिवप्रसाद, नीरज कुमार पोया पिता जीवन पोया, प्रतिभा सिन्हा पति सुरेश सिन्हा, ईश्वरी पोया पति सुभाष पोया, प्रियांशु सिन्हा पिता सुरेश सिन्हा, सुरेश पिता रामलाल एवं अन्य के द्वारा अवैध वन अधिकार (मान्यता) पत्र धोखाधड़ी से बनवाकर शासन को हानि पहुंचाया है। इन नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पूर्व जनपद अध्यक्ष व पूर्व सरपंच है आरोपी

चारामा पुलिस ने इस मामले में 12 अक्टूबर को तीन आरोपियों में पूर्व जनपद अध्यक्ष जीवन ठाकुर पिता रामदयाल उम्र 49 वर्ष निवासी मयाना, पूर्व सरपंच शोप सिंग पिता शिव प्रसाद उम्र 60 वर्ष निवासी मयाना और पूर्व जनपद अध्यक्ष का बेटा जीवन ठाकुर का बेटा नीरज कुमार उम्र 23 वर्ष को धारा 420, 467, 468, 34 आईपीसी एवं 340 बीएनएस में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जेल भेजे गए आरोपी कांग्रेस से जुड़े हुए है।

### कार्यवाही टीम में यह रहे शामिल

आरोपियों को गिरफ्तार करने में चारामा थाना प्रभारी निरीक्षक तेज वर्मा, उपनिरीक्षक रनेश सेठिया, सउनि भकेश पटेल, आरक्षक अनिल जैन, जितेंद्र नाग एवं अन्य थाना चारामा स्टॉफ की अहम भूमिका रही।

## पथ संचलन के पूर्व चलाया सफाई अभियान



**कांकेर।** जन सहयोग द्वारा रविवार 12 अक्टूबर को प्रातः काल संघ शताब्दी वर्ष जनक नगर बस्ती की तैयारी में सहयोग देते हुए श्री देवभूमि राजापारा वार्ड कोमलदेव अस्पताल के सामने स्वच्छता अभियान चलाया। कोमल देव अस्पताल के बाहर मार्ग में कई ट्राली कचरा एकत्र कर पूर्व निर्धारित स्थान में इसका निष्पादन किया गया। सफाई अभियान में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा संजय कुंजाम, धर्मेंद्र देव, शैलेन्द्र देहारी, देवेंद्र ध्रुव एवं अन्य शामिल रहे। जन सहयोग के अध्यक्ष ने बताया कि संघ द्वारा इस वर्ष का विजयदशमी कार्यक्रम उत्सव 14 अक्टूबर को संध्याकाल 5 बजे देवभूमि राजा पारा स्थित श्रीराम जानकी मैदान में मनाया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि जैन समाज के अध्यक्ष देवेंद्र जैन होंगे।






## दुधावा से बासनवाही तक पीएम सड़क है बदहाल, दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाह

दुधावा से बासनवाही नगरी को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क इन दिनों बेहद जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की यह दुर्दशा लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अब तक कोई सुधार कार्य शुरू नहीं हो सका है।

दुधावा से बासनवाही नगरी को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण स्कूल, अस्पताल और बाज़ार की ओर आवागमन करते हैं। साइकिल, मोटरसाइकिल, ऑटो और चारपहिया वाहनों का इस मार्ग पर निरंतर आना-जाना होता है, लेकिन



सड़क की खराब हालत के कारण अब यह रास्ता जानलेवा बन चुका है। ग्रामीण धन्नू भारती, प्रदीप सार्वा, सुकचंद ध्रुव, पवन नेताम, जनपद सदस्य संदीप द्विवेदी ने बताया कि इस रास्ते से स्कूल और अस्पताल जाना अब मुश्किल हो गया है। बरसात के समय सड़क में पानी भर जाता है, जिससे गड्ढे नजर नहीं आते और हादसे हो जाते हैं। रोजाना वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के समय मानकों की अनदेखी की गई, जिससे कुछ ही वर्षों में सड़क उखड़ने ▶▶| शेष पेज 12 पर

## अज्ञात वाहन की ठोकर से लकड़बग्घे की मौत, वन विभाग को आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पीव्ही 31 कालीमंदिर से गोण्डाहुर मुख्य मार्ग पर बीती रात को एक हादसा हो गया, जिसमें लगभग चार फीट के एक लकड़बग्घे की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सड़क पर वन्यजीव की मौत की इस घटना से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। वन विभाग एक्सीडेंट करने वाले आरोपी की तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों ने सुबह लकड़बग्घे के एक्सीडेंट को देखा, तो सबसे पहले वन विभाग के अमले को जानकारी दिया। वन विभाग का अमला पहुँचकर ग्रामीणों से बातचीत किया और उसके उपरांत मृत लकड़बग्घे के शव को मटोली फारेस्ट ऑफिस लाया गया, जहां पशु चिकित्सक के माध्यम से उसका पोस्टमार्टम कराया गया और फिर विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग ने इस घटना को



गंभीरता से लेते हुए, लकड़बग्घे को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि वे वन्यजीव बहुल क्षेत्रों से गुजरते समय अपनी गति नियंत्रित रखें और सतर्क रहें, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। ग्रामीणों से मिली जानकारी पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर धर्मेंद्र निषाद, वनपाल विजय यादव, उपवन क्षेत्रपाल, वन रक्षक पुष्पेंद्र यादव, उदय जुर्री, अशोक कैडियम, विनोद हिडको और गनेशिय ध्रव सहित पूरी टीम घटना स्थल पर पहुंची और ▶▶| शेष पेज 12 पर

## भारी बारिश से सिरसिदा पुलिया बहने की कगार पर जानोमाल के लिए खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा के ग्राम सिरसिदा में स्कूलपारा से शीतलापारा जाने वाले मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया शुक्रवार की रात को तेज हुई बारिश के चलते बहने की कगार पर है और इसके चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार सिरसिदा में स्कूलपारा से शीतला पारा जाने वाले मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया शुक्रवार को हुई तेज बारिश में बहने के कगार पर है, एक तरफ मिट्टी पूरी तरह धसक गई है। पिछले वर्ष भी बारिश में इस पुलिया के बहने से उस मार्ग से गुजर रहे दो युवको गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे और उसी स्थिति में इस वर्ष भी यह पुलिया पहुँच गई है और कभी भी यह पुलिया ढह सकती है। सिरसिदा में बने बाँध से ओव्हरफलो होकर जो पानी निकलता है, वही पानी इस पुलिया से आगे की ओर नाले के माध्यम से दूसरी नदी तक पहुँचता है। पिछले वर्ष तेज बारिश के बाद यह पुलिया अचानक बह गया था, लेकिन पुलिया बहने की जानकारी नहीं होने के कारण इस पुलिया से तेज रफतार से गुजरते वक्त दो युवकों की पुलिया में गिरने पर गभीर रूप से घायल हो गये थे और उनकी बाईक व अन्य समान भी पानी की धार में बह गया था। पुलिया को बाद में दो पाईप डालकर मिट्टी से ढककर आने जाने के लिए बनाया गया था,जो अभी तक चल रहा है। अब फिर से एक बार तेज बारिश के चलते पुलिया की मिट्टी धसकने लगी है और कभी भी पुलिया बह सकती है, लेकिन अभी तक इस पुलिया पर आवागमन को रोका नहीं गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्राम सिरसिदा के सरपंच कैलाश कोवाची ने बताया कि शासन से इस नाले पर पुल की माँग की गई ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में न लगाएं सरकार



**फरसगांव।** पूर्व विधायक संतराम नेताम ने राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों के अध्यापकों से किसी भी प्रकार का गैर-शैक्षणिक या प्रशासनिक कार्य न कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि शिक्षक का स्थान क्लासरूम में है, दफ्तरों में नहीं। शिक्षकों को पढ़ाई से हटाकर दफ्तरी या प्रशासनिक कामों में लगाया जा रहा है। इसे उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के साथ अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि अध्यापक केवल सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को गढ़ने वाले ज्ञान के दीपक हैं। सरकार जाति प्रमाण पत्र,नियत नेलनार, युक्ति युक्तिकरण, गिरदावरी सत्यापन जैसे गैर शैक्षिण कार्य करा रही है। बच्चों के शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 27 के तहत शिक्षकों को केवल जनगणना, आपदा राहत या चुनाव जैसे कार्यों में ही लगाया जा सकता है।

### पारिवारिक विवाद पर युवक ने की आत्महत्या



**जगदलपुर।** शहर के निर्मल विद्यालय के पीछे गिल गली निवासी युवक ने पारिवारिक विवाद पर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने बताया कि नवजीत हलधर 35 वर्ष रविवार की सुबह अपने घर से स्कूटी लेकर काम से निकला था। दोपहर 12 बजे के लगभग परिजनों को सूचना मिली कि नवजीत ने अपनी स्कूटी को सड़क पर खड़ा करके लामनी और करकापाल के बीच रेलवे ट्रैक में मालगाड़ी के सामने कूद गया। इसमें नवजीत के दोनों हाथ कट कर अलग हो गए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के पास से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बोधघाट थाना पुलिस ने बताया कि उसके साथ पारिवारिक विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि मृतक मां दुर्गा स्टील फर्नीचर के नाम से फर्म संचालित करता था।

### टमाटर 25 से 40 रुपए किलो की दर से तो मटर 160 रुपए बिका



**जगदलपुर।** मौसम खुला होने से साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रही। मटर शहर के बाजार में 160 रुपए किलो में बिक रहा है। इस रविवार को बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रुपए किलो और लालभाजी 20 रुपए में 6 जूड़ी बिक रहा है।

# ग्रामीणों को सायबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियम और नशामुक्ति की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना माकड़ी पुलिस द्वारा सायबर अपराध और सामाजिक सुरक्षा विषयों पर जन–जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत तमरावंड में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में सायबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में निरीक्षक विकास बघेल, थाना प्रभारी माकड़ी ने उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को बढ़ते सायबर अपराधों के प्रकार और उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अज्ञात लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत पुलिस या सायबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। ग्रामीणों को महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, ओवरलोड वाहन न चलाने जैसी बातें समझाई गईं। कार्यक्रम में नशामुक्ति अभियान के तहत नशीली दवाओं और पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया और लोगों से नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लेने की अपील की गई।

## ग्राम पंचायत तमरावंड में माकड़ी पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

### ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने की सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर ग्राम सरपंच जयप्रकाश नेताम, पंचगण मोहनलाल पोयाम, राम मरकाम, धीनूराम नेताम, धनसु राम नेताम, तिजू राम नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य था ग्रामीण क्षेत्रें में सायबर और सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को सुरक्षित, जिम्मेदार और नशामुक्त समाज निर्माण के लिए प्रेरित करना।



## कार्यक्रम : अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं

# खेल, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री सेजेस में विभिन्न खेल, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य महावीर जायसवाल द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्रों के बीच कबड्डी और कुर्सी दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में बच्चों को महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती ठाकुर और उनके सहकर्मियों द्वारा राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, पौष्टिक आहार और बालिका शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. ज्योर्तिमय ने बच्चों को स्वास्थ्य और शिक्षा में सफलता पाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने कविता पाठ और बालिका शिक्षा आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, जिससे उपस्थित दर्शक अभिभूत हुए। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया, जिससे छात्राओं में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बना।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि बालिका दिवस केवल बच्चों के लिए उत्सव नहीं है, बल्कि यह समाज में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम भी है। खेल, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास होता है। आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, शिक्षकों और समाज के सक्रिय सहयोग से सफल रहा। सभी उपस्थित लोगों ने बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य और समाज में उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया। इस तरह अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर खेल, शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं की प्रतिभा, स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश पूरे समाज में पहुंचाया गया।



### इनका रहा सक्रिय योगदान

*कार्यक्रम में महिला शिक्षक श्रीमती उषा सिंह, सुशीला नेताम, बिंदु कोसरे, अंजनी हिडको, सागर दीवान और बिंदु कांची चंदेल ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इनके योगदान से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।*

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने की नवपदस्थ बीईओ से सौजन्यता भेंट



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी विपल्व कुमार सिंह डे से सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने उन्हें बुके और शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने विकासखंड में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की समस्याओं तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से एलबी संवर्ग के शिक्षकों के सीजीपीएफ पासबुक संधारण, वेतन विसंगति, पदोन्नति, विद्यालय स्तर पर संसाधनों की उपलब्धता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी विपल्व कुमार सिंह डे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग से ही शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार संभव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा और सभी एक टीम की तरह मिलकर बच्चों के भविष्य निर्माण में योगदान देंगे। संघ ने नवपदस्थ बीईओ से अपेक्षा व्यक्त की कि उनके मार्गदर्शन में दुर्गुकोंदल ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था नई ऊँचाइयों को छुएगी। बीईओ ने भी कहा कि उनका द्वार सदैव शिक्षकों के लिए खुला रहेगा, और किसी भी समस्या के समाधान के लिए सामूहिक संवाद ही सर्वोत्तम माध्यम होगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गोरखनाथ ध्रुव, प्रांत एवं जिला पदाधिकारी हेमंत श्रीवास्तव, बंगोमारानी चक्रवर्ती, ब्लॉक सचिव किशोर कुमार विश्वकर्मा, राजकुमार चंद्राकर, रामचंद्र दुग्गे, शंकरदास नागवंशी, हेमलाल खरे, देवप्रसाद प्रधान, धन्नूराम पदमाकर तथा मैनूराम मंडावी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विद्युत लाइन के दीपावली पूर्व मेंटनेंस से 7 घंटे बंद रही बिजली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बंद बिजली से उपभोक्ता परेशान रहे व कर्मी बहाल करने में जुटे रहे

विद्युत कंपनी ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत लाइन का दीपावली पूर्व मेंटनेंस कार्य किया जा रहा है। इसके लिए शनिवार को शहीद पार्क, कलेक्टोरेट एवं टाउन-2 फीडर में मेंटनेंस के चलते सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रही। जिससे उपभोक्ता परेशान रहे एवं दूसरी ओर मेंटनेंस में सहायक अभियंता विनोद टंडन, कनिष्ठ अभियंत डीसी मांझी, चिराग साहू के नेतृत्व में विद्युत कर्मचारी 7 घंटे जुटे रहे। महारानी वार्ड, चांदनी चौक, सर्किट हाऊस रोड, बालाजी वार्ड, जैन मंदिर रोड, पुराना बस स्टैंड, बहादुरगुड़ा, मेटगुड़ा पारा, बस स्टैंड के आसपास, गांधीनगर वार्ड, गंगानगर वार्ड, राउतपारा, आजाद चौक, बैला बाजार, नयापारा, गीदम रोड, जिला पंचायत, भाजपा कार्यालय, राजेन्द्रनगर वार्ड के उपभोक्ता प्रभावित रहे।




# ग्रामसभा में स्वच्छता जल संरक्षण और पौधरोपण पर प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नेतानार के सभी पारा के ग्रामीण रहे मौजूद

ग्राम पंचायत नेतानार में ग्रामसभा आयोजित की गई। बैठक में आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर तैयार की गई कार्य योजना पर चर्चा की गई। ग्राम सभा द्वारा इस कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी पारा से आए बड़े-बुजुर्ग, युवा, महिला एवं पुरुष पंच उपस्थित रहे। सदस्यों द्वारा विभिन्न विकास संबंधी विषयों ग्राम स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधरोपण, सामुदायिक सहयोग, शिक्षा और आजीविका से जुड़ी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। ग्राम सभा के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासियों से सक्रिय भागीदारी और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# मदनलाल बने सहायक शिक्षक फेडरेशन के फिर जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन, शिक्षकों ने जताया विश्वास

जिला सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष पद का निर्वाचन कर्मचारी भवन फरसगांव में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अध्यक्ष पद के लिए मदन लाल राठौर का नाम सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया गया। जिले के पांचों विकासखंडों के ब्लॉक अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों ने एकमत होकर उनके नाम की अनुशंसा की। सर्वसम्मति से चयन के बाद मदन लाल राठौर को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री राठौर इससे पूर्व दूसरी बार कोंडागांव ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। शिक्षक हित में उनके निरंतर प्रयास, संगठन के प्रति समर्पण और प्रभावी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। संगठन के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं का समाधान और संगठन का विस्तार दोनों ही नए आयाम प्राप्त करेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी उत्तम कुमार बघेल कांकेर की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री शेषनाथ पांडे, बलराम यादव, रविन्द्र राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष नीलम मेश्राम केशकाल, मानसाय मरकाम बड़ेराजपुर, महेंद्र पटेल फरसगांव, महेंद्र नेताम माकड़ी, जिला सचिव गुलेंद्र पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण दीवान, चंद्रभान बघेल, हितेंद्र पांडे, बाबूलाल पांडे सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# कन्या उमा विद्यालय सम्बलपुर में शिक्षा स्वास्थ्य व सशक्तिकरण का संदेश गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ रंगोली, कविता, खेलकूद प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने दिखाया उत्साह

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सम्बलपुर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला परियोजना समग्र शिक्षा जिला कोण्डागांव के निर्देशन में किया गया कार्यक्रम अधिकारी मन्नाराम नेताम रासेयो के मार्गदर्शन में छात्रओं एवं स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े नारे लगाते हुए मुख्य मार्ग पर जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालयीन छात्राएं, प्राचार्य, शिक्षकगण, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं ग्रामीणजन शामिल रहे। रैली के पश्चात आयोजित सभा में प्राचार्य दामोदर सिंह ध्रुव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। समय के साथ परिस्थितियों से लड़कर सफलता अर्जित की जा सकती है। उन्होंने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।




### कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर अर्पिता श्रीवास्तव, विद्या शार्दूल, दिनेश यादव, पुरुषोत्तम ठाकुर, रश्मि ठावरे, रश्मि अग्रवाल, अनीता कोर्राम, लक्ष्मी राठौर, तनुजा देवांगन, मालोविका चटर्जी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रओं मुस्कान कोर्राम, प्रीति पटेल एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




### प्रतियोगिताओं में झलकी प्रतिभा

कार्यक्रम में रंगोली, कविता पाठ, सामूहिक नृत्य और खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए जिससे छात्राओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम को यासमीन मेमन पीरामल फाउंडेशन, फूलचंद बघेल, सुभाष नेताम, सुकालू राम नेताम, श्रीमती जमुना पटेल, पुष्पा पाठक तथा जाना पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने बालिकाओं को शिक्षा और समान अवसरों के महत्व पर बल दिया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी एम. आर. नेताम ने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा बालिकाएँ हमारे समाज की शक्ति हैं, उनका सशक्तिकरण ही सच्चे विकास की नींव है।

पेज 11 के शेष...

### फर्जी हस्ताक्षर से...

सिन्हा, सोप सिंग पिता शिवप्रसाद, नीरज कुमार पोया पिता जीवन पोया, प्रतिभा सिन्हा पति सुरेश सिन्हा, ईश्वरी पोया पति सुभाष पोया, प्रियांशु सिन्हा पिता सुरेश सिन्हा, सुरेश पिता रामलाल के नाम पर अवैध वन अधिकार मान्यता पत्र बनाया गया है।

इसी के आधार पर गलत जानकारी व धोखाधड़ी से ऋण पुस्तिका भी जारी करवा लिया गया। वन अधिकार (मान्यता) पत्र प्राप्त करने के लिए विधिवत प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, बल्कि कूटरचना व धोखाधड़ी से वन अधिकार (मान्यता) पत्र बनवाकर कलेक्ट, वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल सामान्य कांकेर और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर के हस्ताक्षर के दुरुपयोग करने और अवैध वन अधिकार (मान्यता) पत्र पर खाद बीज और केसीसी ऋण निकलवा कर शासन को लगभग 5 लाख 17 हजार 773 रुपएं का चूना लगाया गया, जिसकी जानकारी आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित पुरी के द्वारा दिया गया।

### दुधावा से बासनवाही...

लगी। इस मार्ग पर रोजाना भारी ट्रक और ट्रैक्टरों के लगातार आवागमन से सड़क की ऊपरी परत तेजी से टूटने लगी है। मानसून के दौरान सड़क पर जलभराव होता है। पानी की निकासी न होने से नीचे की परत भी कमजोर हो गई। शुरू में हुई दरारें समय के साथ गड्ढो में बदल गईं, लेकिन कोई मरम्मत कार्य नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत किया, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सड़क की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

***मरम्मत की उठी मांग :*** स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग किया कि इस सड़क की मरम्मत कार्य को जल्द प्राथमिकता में लेकर शुरू किया जाए और साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि समय पर कार्य नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सड़क की मरम्मत से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि लोगों की आवाजाही भी सुरक्षित और सुगम हो सकेगी।

### अज्ञात वाहन की...

पंचनामा तैयार किया। ग्रामीणों को बताया कि इस एक्सीडेंट के बारे में किसी भी प्रकार की गांव में चर्चा होती है या किसी तरह की खबर मिलती है तो जानकारी शेयर करेंगे, जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जानकारी मिलने पर एक्सीडेंट की घटना को अंजाम देने वाले पर नियमानुसार कार्यवाही हो पाएगी।

### भारी बारिश से...

थी, पुल स्वीकृत हो चुका है। बारिश के बाद नये पुल का निर्माण कराया जाएगा, फिलहाल जानकारी मिलने के बाद पुलिस को भी पुलिया के जर्जर होने की जानकारी दे दी गई है और इस मार्ग से आवागमन के लिए बंद किया जाएगा, ताकि कोई हादसा न हो।

**खबर संक्षेप**

### किसानों ने देखा पीएम का लाईव टेलीकास्ट



**जगदलपुर।** कृषि उपज मंडी जगदलपुर (कोपागुडा) में शनिवार को पीएम का लाईव टेलीकास्ट किया गया, जिससे क्षेत्र के लगभग 226 पुरुष एवं 28 महिला ने टेलीकास्ट देखा। इस दौरान मारकेल के भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, आड़ावाल के सुब्रतो विश्वास, कुटपदर के सरपंच सुकलधर नाग, मारकेल के सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र बाकड़ा, पूर्व उप सरपंच मेहतर नाग, विद्याधर सेठिया, रामप्रसाद कश्यप, बलराम सेठिया, तपन राय सहित किसान शामिल रहे। मंडी के सचिव वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा पीएम धन धान्य कृषि योजना पल्सेस मिशन एवं अन्य योजना का शुभारंभ किया गया।

### विशेष टीकाकरण सप्ताह आज से 18 तक

**दंतेवाड़ा।** जिले में समस्त विकासखंड में 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गांव-गांव में छूटे हुए बच्चों को सूची तैयार कर मितानिन के माध्यम से चिन्हांकित स्थान में टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाएगा। उक्त अभियान 0 से 5 साल के बच्चों को टीकाकृत किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर शुभाशीष मंडल ने बताया की जिले में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों के लिए विशेष कार्य योजना के आधार पर यह सप्ताह मनाया जाएगा।

### पंचूराम साहू बने अध्यक्ष



**गीदम।** तहसील साहू समाज गीदम का निर्विरोध निर्वाचन जिला निर्वाचन अधिकारी एनआर साहू,पर्यवेक्षक बीआर साहू एवं जिला साहू समाज दंतेवाड़ा तथा तहसील साहू समाज गीदम, बचेली, दंतेवाडा, किरन्दुल के सामान्य सदस्यों एवं पदाधिकारीयो की उपस्थिति में निर्विरोध निर्वाचित कराया गया। इस बार भी निर्विरोध निर्वाचन में अध्यक्ष पंचूराम साहू उपाध्यक्ष निरंजन साहू उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, पूर्व संगठन मंत्री नारायण लालसाहू एवं महिला संगठन सचिव खिलेश्वरी साहू को बनाया गया। साथ ही साथ सरक्षक एवं सलाहकार के रूप में दशरथ साहू को मनोनीत किया गया है।

# ट्रैक्टर चालकों को जागरूक करते दी जा रही समझाइश

## परिवहन विभाग कैज व्हील लगे ट्रैक्टरों का चलाएगा सघन जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ट्रैक्टर वाहन को मुख्य रूप से किसानों द्वारा अपने खेतों में उपयोग के लिए बनाये जाते हैं परंतु इन ट्रैक्टरों के पहिए में केज व्हील लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य मुख्य सड़कों में चलाने से सार्वजनिक सडकों को भारी क्षति पहुंच रही है।

■ सड़क पर कैज व्हील लगे ट्रैक्टरों के संचालन पर होगी चालानी कार्रवाई

सड़कों में कैज व्हील लगी हुई ट्रैक्टर का संचालन किया जाना मोटर वाहन अधिनियम, नियमों के विरुद्ध है, जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका भी लगाई गई है।





**कार्रवाई के दिए निर्देश**

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने विभाग के उड़नदस्ता एवं बेरियर प्रभारी को निर्देश दिए कि ऐसे कैज व्हील लगे ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही इसके लिए लोगों में जनजागरूकता अभियान चलाएं, लोगों को नियमों से अवगत भी हो सकें।

इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी दुलीचंद बंजारे के नेतृत्व पर जगदलपुर उड़नदस्ता प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार साहू की टीम द्वारा क्षेत्र में ऐसे कैज व्हील लगे ट्रैक्टरों का सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है एवं नियम विरुद्ध वाहनों का संचालन करते हुए पाए जाने पर विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही भी की जाएगी।

विभाग द्वारा ट्रैक्टर के चालकों को जागरूक करते हुए उन्हें समझाईश दी जा रही है कि ऐसे वाहनों का सड़क पर संचालन न करें एवं इस हेतु विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। ट्रैक्टर विक्रेताओं के शो-रूम का भ्रमण कर भी समझाईश दी जा रही है। आमजन से भी अपील की कि वे सड़क पर चलते समय ऐसे वाहनो से सावधानी बरते और नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## अनोखे अंदाज में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# गड्ढों में मछली जाल डालकर सड़क की बदहाली पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 63 और गीदम बारसूर स्टेट हाइवे की जर्जर और जानलेवा स्थिति के विरोध में कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सड़क पर बने विशाल गड्ढों में मछली पकड़ने का जाल लेकर पहुंचे और सवाल उठाया क्या यह राष्ट्रीय राजमार्ग है या तालाब प्रदर्शन का उद्देश्य प्रदेश सरकार को यह

■ **यह कोई तालाब नहीं, बल्कि तीन राज्यों को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे है**

दिखाना था कि सड़कें किस हद तक बदहाल हो चुकी हैं कि अब उनमें मछली पकड़ने की स्थिति बन गई है।

कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि यह मार्ग न केवल आम जनता के आवागमन का महत्वपूर्ण जरिया है, बल्कि बस्तर को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग है। इसके बावजूद सड़कों की उपेक्षा सरकार की उदासीनता दर्शाती है। उन्होंने यह भी बताया कि यही मार्ग स्थानीय विधायक चैतराम अटामी के गृह ग्राम तक जाता है, फिर भी मरम्मत की कोई पहल नहीं की गई। इसी दौरान एक बाइक सवार वहां से गुजरते समय गड्ढे में फँसकर गिर पड़ा, जिसने इस सड़क की वास्तविक और गंभीर स्थिति को प्रत्यक्ष रूप से उजागर कर दिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कर्मा ने कहा कि



श्ट्रिपल इंजन सरकार में सड़कों का हाल ऐसा है कि हाईवे पर मछली पकड़ने की नौबत आ गई है। यदि जिला मुख्यालय में यह दशा है, तो अंदरूनी इलाकों का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विमल सुराना ने कहा इस गड्ढे में अब तक कई हादसे हो चुके हैं और कुछ लोगों की जान भी गई है, लेकिन सरकार मरम्मत के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार कर रही है।

आम जनता की जान किसी की प्राथमिकता नहीं रह गई है। इस मौके पर पूर्व विधायक देवती कर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शकील रिजवी, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला महामंत्री रविश सुराना, जिला महामंत्री कमलोचन सेठिया, जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ रजा, जिला सचिव रजत दहिया, पूर्व सरपंच लखमू नेताम, दिनेश गुप्ता, युवा कांग्रेसी नेता उमेश कश्यप, संदीप राठौर, गौरव गुप्ता, गौरव सुराना, रोबर्ट साइमन, सुनील गोलच्छा, शैलेन्द्र कौमार्य, रोशन पवार, गोलू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। जनता की सुरक्षा और सम्मान की लड़ाई जारी रहेगी।

# परिवार में संस्कारों का महत्व : वंदना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की वीरांगनाओं की उपस्थिति में दशहरा मिलन समारोह गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिसमें सदस्यों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई। सर्वप्रथम भगवान राम की स्तुति एवं पूजन किया गया। पश्चात अनेक मनोरंजक कार्यक्रम कराये गए। वरिष्ठ जनों ने अपने विचार रखे जिसमें समाज की उन्नति के लिए कैसे हमें एकजुट होकर आगे आना है उस पर जानकारी दी गई। अध्यक्ष वंदना भदौरिया ने नई पीढ़ी के सदस्यों को आगे आकर उत्साह पूर्वक कार्य करने और परिवार में संस्कारों के महत्व पर अपने विचार रखे। समाज में अनेक महत्वपूर्ण कार्यों की रुपरेखा पर बात की गईं। इस सुंदर आयोजन में सभी सदस्यों की भागीदारी रही। शहर के एक होटल में दशहरा मिलन समारोह वीरांगनाओं ने मनाया।

### सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के माधवपारा माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना था। शिक्षा समिति सभापति दिनेश कुमार कौशल ने अपने संबोधन में बच्चों को स्कूल के अनुशासन में रहने और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति समर्पण का भाव जगाते हुए जन भागीदारी की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति सदस्य पवन कर्मा, एसएमसी अध्यक्ष कृष्ण नाग, प्रधान अध्यापक बसंत पाल और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल के विकास के लिए अपने सुझाव और विचार साझा किए।

## हाई स्कूल टाकरागुड़ा में हुआ शिक्षा गुणवत्ता का सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत हाई स्कूल टाकरागुड़ विकास खंड बस्तर मे सामाजिक अंकेक्षण का कार्य सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पालकगण, शाला स्टाफ और छात्र छात्राये उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के लिए सामाजिक अंकेक्षण कार्य को सम्पन्न कराने के लिए सामाजिक अंकेक्षण प्रभारी कनुप्रिया दुल्हानि कन्या शिक्षा परिसर हायर सेकंडरी स्कूल परचनपाल एवं अध्यक्ष संस्था प्रमुख प्राचार्य अल्का एस्तर बेंजामिन ने सफ़लता पूर्वक



सम्पन्न कराया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं से प्रश्न पूछे गए सभी प्रश्नों का सही सही उत्तर दिया गया। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षा गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, परीक्षा परिणाम और उपलब्ध संसाधनों पर विस्तार से चर्चा किया गया और पालकों को अवगत कराया गया कि किस प्रकार से शासन की योजनाओं का लाभ एवं सुविधाओं का लाभ बच्चों को मिल रहा है। अंकेक्षण मे पालकों और समिति सदस्यों ने भी सुझाव रखे पालकों एवं समिति सदस्यों ने भी सामुहिक रूप से संकल्प लिया कि शिक्षा गुणवत्ता मे सुधार के लिए सभी मिलकर सहयोग करेंगे।

### विशेष मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आज विशेष मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। योगा वेलनेस सेंटर बीजापुर के द्वारा यह मुख्य कार्यक्रम जीएडी कालोनी बीजापुर परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने हेतु विशेष योगाभ्यास सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में प्रतिभागियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योगनिद्रा, तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ने मानसिक तनाव, चिंता एवं अवसाद जैसे मानसिक रोगों में योग की उपयोगिता और प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास मानसिक शांति, एकाग्रता और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। सिर्फ मुख्य कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष स्वास्थ्य केंद्रों तथा विभिन्न स्कूलों में भी समान रूप से योग अभ्यास कराए गए, जिससे जिलेभर में जनजागरूकता का वातावरण निर्मित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग को जन-जन तक पहुंचाना था, जिसे जनसहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

## सेजस कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हुआ सामाजिक अंकेक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सेजस हिंदी माध्यमिक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बचेली में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शाला का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष पुष्पा सिंह, सेवानिवृत्त व्याख्याता ई बी लाल, संस्था की प्राचार्य चंद्रकला ठाकुर, शाला के समस्त शिक्षकगण, अन्य सदस्य और पालकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान, कन्या शिक्षा परिसर पातररास की व्याख्याता डॉ. फिरदौस ने शाला के बच्चों के साथ 20 प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण किया। इस प्रक्रिया में शाला के कक्षा 10वीं और 12वीं के पिछले तीन वर्षों के परीक्षा परिणाम, शिक्षकों की उपस्थिति, और शाला की मूलभूत सुविधाओं जैसे प्रयोगशाला आदि का विस्तृत आकलन किया गया।

सभी शिक्षकों, व्याख्याताओं और छात्राओं ने इस अंकेक्षण प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस पहल का उद्देश्य शाला की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाना और शाला के विकास में सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान शाला के विकास और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। इस आयोजन से न केवल शाला की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन हुआ, बल्कि भविष्य में सुधार के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए।

इस सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से शाला प्रबंधन और शिक्षकों को शाला की ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद मिलेगी, जिससे वे आगामी शैक्षिक सत्र में आवश्यक सुधारात्मक कदम उठा सकेंगे।

# मेगा बस्तर ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन, जिला पुलिस बल तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे मेंगा बस्तर ओलंपिक को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है। आगामी माह 25 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिताएँ और 5 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन जोरों पर है और जिलेभर के युवा, महिला और पुरुष सहर्ष भाग ले रहे हैं।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के कुशल मार्गदर्शन में जिले के शत-प्रतिशत खिलाड़ियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंजीयन की प्रक्रिया 22 सितम्बर से शुरू होकर 20 अक्टूबर तक चलेगी। इस खेल महोत्सव में कुल 11 खेल विधाएँ एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल, रस्साकसी आदि आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी, जिसमें जूनियर वर्ग के तहत 14 से 17 वर्ष के खिलाड़ी तथा सीनियर वर्ग में 17 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी जयंत नाहटा ने 9 अक्टूबर को अधिकारियों की बैठक लेकर विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने खेल मैदानों की तैयारी, खिलाड़ियों के लिए आवास व्यवस्था, पंजीयन प्रक्रिया और प्रचार-प्रसार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उनके निर्देशानुसार जनजागरूकता और प्रचार-प्रसार के परिणामस्वरूप जिलेभर में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर है। जिले के चारों विकासखण्डों से कुल 29,255 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इसमें विकासखण्ड कटेकल्याण से 5,405, कुआकोण्डा से 5,810, गीदम से 9,151 और दंतेवाड़ा से 8,854 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।

## भोपालपटनम में सुरेश राव गोटा बने फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष

भोपालपटनम। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के निर्देशानुसार आज विकासखंड भोपालपटनम में ब्लॉक अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी ब्लॉक पर्यवेक्षक इकबाल खान और किशोर दुर्गम ने पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ की। इस चुनाव में दो प्रत्याशी सुरेश राव गोटा और नागेश गोरला ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया था। ब्लॉक में कुल 250 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 120 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें सुरेश राव गोटा को 99 मत प्राप्त हुए, जबकि नागेश गोरला को केवल 21 मत मिले। इस प्रकार सुरेश राव गोटा ने भारी बहुमत से एकतरफा जीत दर्ज करते हुए भोपालपटनम ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में चयनित हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान फेडरेशन के प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### उमाशंकर के पुत्र साकेत और पूर्व नपा अध्यक्ष कविता ने की दावेदारी

**जगदलपुर।** कांग्रेस पर्यवेक्षक सप्तगिरी उल्का के समक्ष आज वरिष्ठ नेता पं उमाशंकर शुक्ल के पुत्र साकेत शुक्ला और नगर निगम की पूर्व अध्यक्ष कविता साहू ने भी शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए अपना आवेदन सौंपा।



## जगदलपुर में वार्ड ब्वॉय एवं आया भर्ती परीक्षा में 75.49 प्रतिशत उपस्थिति



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया भर्ती परीक्षा का आयोजन जगदलपुर और आसपास के 30 केंद्रों पर किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक चली इस परीक्षा में 9,509 पंजीकृत छात्रों में से 7,169 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिससे उपस्थिति दर 75.49% दर्ज की गई। अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 2,340 रही।परीक्षा समन्वयक डॉ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, जैमर सहित सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। सभी परीक्षा केंद्रों में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। व्यापम के नियमों का कड़ाई से पालन के फलस्वरूप पूरी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या अनियमितता की सूचना नहीं मिली।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### करिहा स्कूल के प्राचार्य बने बीईओ, दी विदाई

**चारामा।** ब्लॉक चारामा के करिहा हाईस्कूल में पदस्थ प्राचार्य केके गंजीर के पदोन्नति उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी बनने पर प्राचार्य रविशंकर नागे ने स्कूल में उनके कार्यकाल के समय को सभी से साझा किया साथ ही ग्रामवासियों ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी। इस दौरान सरपंच सुगंध ध्रुवीय, उपसरपंच पूनम सिन्हा, महेश जैन ग्रामीण अध्यक्ष, महावीर सिन्हा सीएमसी अध्यक्ष हाईस्कूल, जैनेन्द्र जैन, अनिल मंडावी पूर्व सरपंच, प्रताप पटेल पंच, मिथलेशकर शर्मा सीएसी पंडरीपानी, परस सिन्हा, विष्णु सिन्हा, विनीता यादव, रूप सिंग ध्रुव, दिलीप सिन्हा, छबीलाल सिन्हा, घनाराम नागराज उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक हुआ घायल

**कांकेर।** चारामा थाना चारामा में शिकायत करने पहुँचे बागडोंगरी निवासी 50 वर्षीय मोहन लाल साहू पिता परसराम साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा भतीजा योगेश साहू पिता स्व. रेकेश कुमार साहू उम्र 25 वर्ष निवासी बागडोंगरी किसी काम से चारामा आया था और 10 अक्टूबर को रात 12 बजे के आसपास झीपाटोला के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मारने से एक्सीडेंट हो गया, जिसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल से रिपुर करने पर रायपुर में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया।

### शराब बरामद, कोचिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली के कुल्हाड़कट्टा ग्राम में कोचिया शराब पिला रहा है। खबर मिलने पर पुलिस टीम 11 अक्टूबर को दोपहर बाद कुल्हाड़कट्टा पहुँची और आरोपी कुल्हाडकट्टा निवासी नेहरू बेलसरियों को दबोचा, जिसके कब्जे एक सफेद रंग की 01 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल जप्त किया। आरोपी के खिलाफ 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

## निधन

### सखाराम रावटे

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम पदमपुर के वैदराज सखाराम



रावटे का आकस्मिक निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार दिन शनिवार 11 अक्टूबर को किया गया, जिसमें गाँव के ग्रामीण के अलावा आसपास के लोग शामिल हुए। वे पूर्व जनपद सदस्य नीता रावटे के ससुर एवं वैदराज दुर्गा प्रसाद रावटे के पिता थे।

शिविर : जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर में 1369 मरीजों का हुआ उपचार

# आयुर्वेद केवल इलाज नहीं, बल्कि निरोगी जीवन जीने की एक विधा भी : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर के परिसर में रविवार 12 अक्टूबर को एक दिवसीय नि:शुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 1369 मरीजों का उपचार किया जाकर नि:शुल्क दिवाईयां दी गई साथ ही चिकित्सा परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारे देश की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, इसे अपने जीवन में अपनाए और तन व मन को स्वस्थ्य बनाए रखने में बहुत मददगार साबित होता है। आयुर्वेद केवल इलाज नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक विधा है। यह हमारे शरीर, मन और आत्मा तीनों के संतुलन पर आधारित है। हमारे पुरखे आयुर्वेदिक पद्धति से अपना ईलाज करते थे, जो उनकी लंबी आयु और स्वस्थ्य जीवन का राज था। आज के भाग-दौड़ वाली जिंदगी में हम अपने शरीर का ध्यान नहीं रखते, खान-पान का भी ध्यान नहीं रखते और ईलाज के लिए शार्टकट को अपनाते है, जिससे हमारी आयु घटती जा रही है। हमारे आस-पास आयुर्वेदिक पेड़-पौधे उपलब्ध है, जिसे पहचानने की जरूरत है। हमारे बुर्जूग इन्ही जड़ी-बुटियों से अपना ईलाज करते थे, जिससे वे स्वस्थ्य रहते थे, हमें भी इनके उपयोग को अपनाना चाहिए। हस्त शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि प्राचीन काल से ही आयुर्वेद का उपयोग हो रहा है। वर्तमान में यह और ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। सरकार द्वारा आयुर्वेद के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। गांवों में भी आयुष केन्द्र खोले जा रहे हैं तथा इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरूण कौशिक ने भी संबोधित किया। शिविर में अतिथियों द्वारा बच्चों को स्वर्ण भस्म की दो-दो बूंद भी पिलाई गई।

■ समाज में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार से ही स्वस्थ भारत का निर्माण संभव





### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नगर पालिका के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, वार्ड पार्षद मंजू सारथी, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललिता शर्मा, शिविर के नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक, आयुर्वेद, युनानी एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से संबंधित डॉक्टरगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 1369 मरीजों का किया गया उपचार

स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार, हर दिन, हर घर आयुर्वेद थीम पर आयोजित एक दिवसीय नि:शुल्क जिला स्तरीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 1369 मरीजों का उपचार हुआ और नि:शुल्क दवाईयां वितरित की। शिविर में आयुर्वेद से 491, होम्योपैथी 283, यूनानी 96, स्वर्ण प्राशन 26, रक्त जांच 117, नेत्र जांच 55, पंच कर्म 38 और एक्यू पंचर के 21 मरीजों का उपचार और अग्निकर्म 07 लोगों ने लाभ लिए तथा 165 लोगो को योग परामर्श दिया गया।

### कौशल विकास रथ से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स की मिली जानकारी

**अंतागढ़।** उच्च शिक्षण संस्था आइसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल रथ कौशल विकास यात्रा 2025 जिले के अंतागढ़ पहुंची। आइसेक्ट व एनएसडीसी की साझेदारी में संचालित 250 से अधिक डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स की जानकारी दी गई। इन कोर्सेस में कंप्यूटर, आईटी, फ्यूचर स्किल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैंकिंग और फाइनेंस, शिक्षक प्रशिक्षण, कृषि और रिटेल जैसे रोजगार परक विषय शामिल हैं। आइसेक्ट द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से आइसेक्ट के तकनीकी शिक्षाविद ज्ञानेश्वर चांदेकर, डॉ. देबब्रत दास गुप्ता, संदीप आइच, रूपेंद्र देवांगन शामिल हुए, जिन्होने सेजेस पीएम श्री विद्यालय अंतागढ़ में बच्चों के लिए एआई लिटरेसी सेमिनार आयोजित किया। आइसेक्ट प्रवक्ता ने कहा कि कौशल विकास यात्रा 2025 केवल एक शैक्षिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीक से जोड़ने रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। अंतागढ़ में कौशल विकास रथ की यात्रा का शुभारंभ प्राचार्य गौतम सिन्हा एवं अभिषेक श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। आइसेक्ट अंतागढ़ के संचालक अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि आइसेक्ट आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके भारत के हर युवा को नई युग की तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में काम जारी रखेंगे।

### अंतागढ़ में मंगलवार को बिजली बंद क्षेत्रवासियों ने किया विरोध

**अंतागढ़।** नगर अंतागढ़ एवं क्षेत्र के लोगों ने आगामी मंगलवार को दीपावली मेंटीनेंस के चलते लाईट गोल होने की जानकारी मिलते ही विभाग के खिलाफ विरोध दर्ज करना शुरु कर दिया है। अंतागढ़वासियों का कहना है कि अभी कुछ ही दिन पहले बीते गुरुवार को मेंटीनेंस के नाम से दिनभर भर लाईट बंद रखा गया था, अब एक बार पुनः अगामी मंगलवार को बिजली बंद करने जानकारी दिया गया है। अंतागढ़ में ब्लॉक का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार होता है। इस दिन दिनभर लाईट बंद होने की जानकारी मिलते ही लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश पनपा शुरू हो गया है। कुछ लोगों का कहना है जब भी भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ में एक साथ विद्युत मेंटीनेंस होता है तो भानुप्रतापपुर की सुविधा का ध्यान रखते हुए मंगलवार को बंद किया जाता है जबकि मंगलवार को अंतागढ़ बाजार होता है और इस बार तो त्यौहार वाला बाजार है।

## लैंगिक उत्पीड़न व लैंगिक समानता पर कालेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में शनिवार को लैंगिक उत्पीड़न एवं लैंगिक समानता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लैंगिक समानता, संवेदनशीलता और सुरक्षित वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई द्वारा औपचारिक उद्घोषणा के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि समाज में पुरुष और महिला के बीच समानता तभी संभव है जब हम मानसिकता में परिवर्तन लाएँ और परस्पर सम्मान की भावना को बढ़ावा दें। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चैतन्य संस्थान की टीम ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। टीम में वंदना जिला समन्वयक, पूर्णिमा मंडल ब्लॉक समन्वयक, दुर्गुकोंदल, नंदिनी, श्वेता एवं अन्य सदस्य शामिल थीं। वंदना ने अपने प्रेरक व्याख्यान में लिंग क्या है और समाज में लिंग भेदभाव की वर्तमान स्थिति विषय पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे सत्र अधिक संवादात्मक और प्रभावशाली बना। इसके पश्चात चाइल्ड लाइन टीम के सदस्य आशीष ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लिंग भेदभाव, बाल विवाह, महिला सुरक्षा और सामाजिक भागीदारी पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम बालिकाओं और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करें। टीम के अन्य सदस्यों ने साइबर अपराध, डिजिटल ब्लैकमेलिंग, फोटो-वीडियो एडिटिंग द्वारा उत्पीड़न, और अधिनियम 2012 से जुड़ी कानूनी जानकारियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लिंग भेदभाव मुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सतीश चंद्र खंग, गोविंद मंडावी, देव सिंह कांगे, याकूब टोप्पो, डॉ. विकास पंकज भार्गव, डॉ. राकेश घोष, डॉ. नंदकिशोर यादव, एवं नेहा मंडावी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में लैंगिक समानता, सामाजिक जिम्मेदारी और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने में अहम भूमिका निभाई।

## कुरना में 23 से 15 दिवसीय कम्पयूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा

**पखांजूर।** ग्राम कुरना में 23 अक्टूबर से 07 नवबंर तक नि:शुल्क 15 दिवसीय कम्पयूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसका पंजीयन दिनांक 13 अक्टूबर से किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन एम्बीशन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के कुरना-ब्रांच उमरादाह रोड में किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने एवं डिजीटल साक्षरता से जोड़ने के उद्धेश्य से दूरस्थ ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को कम्पयूटर शिक्षा के माध्यम से आत्म निर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के दिशा में विगत 05 वर्षो से निरंतर सेवारत है। यह प्रशिक्षण ग्राम कुरना के समीप स्थित लगभग 15 गांव-उमरादाह, शाहवाड़ा, तारसगांव, कोटेला, हटकाचारामा, हल्बा, पलेवा, चरभट्टी, चवांड़, भैसकट्टा, श्रीगुहान, डोडकावाही, नारा, ठेकुना, सीदेसर आदि गांव के विद्यार्थियो के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को बेसिक कम्पयूटर, एमएस वर्ड, पावरपाइंट, एक्सेल, इंटरनेट, हार्डवेयर/साफ्टवेयर एवं हिंदी/अंग्रेजी टायपिंग सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में कंप्यूटर प्रशिक्षण के लाभ, जीवन में उपयोगिता एवं उससे मिलने वाले रोजगार एवं नौकरियों के बारे में मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कांकेर जिला मुख्यालय से दूरस्थ अंचल के विद्यार्थी जो अधिक दूरी एवं संसाधन के अभाव में कंप्यूटर प्रशिक्षण से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए यह सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## ग्रामीण खेलों से निखर रही प्रतिभाएं युवाओं में बढ़ रहा उत्साह : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना





विकासखंड नरहरपुर के ग्राम जमगांव इमलीपारा में आयोजित 7 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं में खेल भावना, एकता और अनुशासन का संदेश देते हैं। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि गांव के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिन्हें सही मंच और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि गांव-गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान अंतिम मुकाबला हिटली और कनहनपुरी की टीमों के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद हिटली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कनहनपुरी की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को आकर्षक ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।समापन समारोह में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। गांव में सात दिनों तक चले इस खेल आयोजन ने पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना दिया था। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने फाइनल मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। मैदान में हर चौके-छक्के पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठती रही। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अगले वर्ष इस टूर्नामेंट को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को और भी बेहतर मंच मिल सके। इस अवसर पर जनपद सदस्य वेदबती शोरी, ग्राम पंचायत सरपंच भगवती उईके,भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, गौरव शोरी, धर्मेंद्र सुरुजिया, सतीश राठौर और मनीष बघेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण, विज्ञान व संस्कृति पर मिली नई जानकारी




**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकासखंड दुर्गुकोंदल के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का अवसर प्रदान किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और संस्कृति के प्रति जिज्ञासा और रुचि को प्रोत्साहित करना था। भ्रमण दल में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित कुल 28 छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र रायपुर, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर, तथा छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय ले जाया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र रायपुर में बच्चों ने विज्ञान के विविध आविष्कारों, तकनीकी मॉडलों, प्रयोगों और तारामंडल का अवलोकन किया। यहाँ विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष, भौतिकी, जीवविज्ञान और पर्यावरण से जुड़े प्रयोगों को नजदीक से देखा और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के महत्व को समझा। इसके बाद विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने खेल प्रबंधन, मैदान की संरचना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का तीसरा चरण छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय रहा, जहाँ विद्यार्थियों ने बस्तर और सरगुजा अंचल की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, जीवनशैली, परंपराएँ और लोककला के बारे में जाना। उन्होंने आदिवासी वेशभूषा, शिल्पकला, संगीत व वाद्ययंत्रों के माध्यम से राज्य की विविधता और सांस्कृतिक गौरव को नजदीक से अनुभव किया। इस शैक्षिक भ्रमण में एपीसी दिनेश नाग, पंकज श्रीवास्तव, बीआरसी लतीफ सोम, संकुल समन्वयक किशोर विश्वकर्मा, भारत दरपट्टी, रामचंद्र दुग्गे, और शिक्षिका ममता जायसवाल ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और सीखने की जिज्ञासा देखते ही बन रही थी। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उन्हें पुस्तकीय ज्ञान से परे, व्यवहारिक शिक्षा की ओर ले गया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सांस्कृतिक चेतना और नवाचार की भावना को बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत यह पहल दुर्गूकोदल विकासखंड के शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उठाया गया एक सराहनीय कदम रहा।

## सामाजिक कार्यकर्त्ता व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान 16 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में जनपद सभापति विकास राजु नायक के नेतृत्व में दीपावली के अवसर पर 16 अक्टूबर गुरुवार को सोनादई लोहत्तर में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्त्ताओ एवं प्रतिभावान छात्रों का जो 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान किया जाएगा।

विकास राजु नायक ने कहा कि यह समारोह उन लोगों को सम्मानित करने के लिए आयोजित गया हैं, जिन्होंने अपने क्षेत्र में जैसे कि शिक्षा, कला, विज्ञान, सामाजिककार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और साथ ही स्कूली छात्रों के सम्मान समारोह का उद्देश्य छात्रों की कड़ी मेहनत, शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास को पुरस्कृत करके उन्हें प्रेरित करना, उत्साहित करना और भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना है। यह समारोह न केवल छात्रों की उपलब्धियों का उत्सव मानेगा, बल्कि माता-पिता और शिक्षकों के समर्थन और मार्गदर्शन को भी मान्यता देगा। यह समारोह दूसरों को भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे समाज या संगठन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेगा।

पर्यवेक्षक मनोज यादव, पूर्व विधायक वोरा व अंबिका सिंहदेव ने बंद कमरे में की चर्चा

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदारों में घमासान फिर पर्यवेक्षकों के समक्ष माहौल शांत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



एआईसीसी के सचिव एवं कांकेर जिला के पर्यवेक्षक मनोज यादव 12 अक्टूबर को दोपहर बाद कांकेर पहुँचे। जिलाध्यक्ष को लेकर कांकेर ग्रामीण और कांकेर शहर के कार्यकर्ताओं से बंद कमरे में संवाद किया है। पर्यवेक्षक के साथ पूर्व विधायक अरूण वोरा और पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव भी पहुँची थी। शक्ति प्रदर्शन जैसा माहौल देखने को नहीं मिला। राजीव भवन में पहुँचे एआईसीसी के सचिव मनोज यादव ने बताया कि संगठन सृजन के तहत 2025 तक पूरे देश में संगठन को खड़ा करना है और जमीनी कार्यकर्ता से संवाद करके बेहतर कांग्रेस कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जानी है, उसी के तहत 12 अक्टूबर को कांकेर ग्रामीण और शहर के कार्यकर्ता से संवाद करेंगे। कांकेर जिले के अन्य विकासखंडो में भी आने वाले समय में संवाद करेंगे और जमीनी हकीकत जानने के बाद 6 नाम का पैनल एआईसीसी को भेजा जाएगा। अंत में एआईसीसी से नाम की घोषणा किया जाएगा। थोपने वाला विषय अब नहीं चलेगा, जमीनी स्तर पर सक्रिय नेता को ही अध्यक्ष के लिए मौका दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार पर्यवेक्षक एआईसीसी के सचिव 14 को चारामा, 15 को नरहरपुर, 16 को भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल और 17 को अंतागढ़ एवं पखांजुर में पहुँचकर विकासखंड के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

### वही ढाक के तीन पात

अध्यक्ष के चयन के लिए पहले भी कुछ इसी तरह की प्रक्रिया अपनाया जाता था। पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनकी पसंद जानते थे, किन्तु नियुक्ति उसी की होती थी, जो बड़े नेताओं का चहेता होता था। कार्यकर्ताओं की पसंद को पूरी तरह दरकिनार कर दिया जाता रहा है। कांग्रेस में एक बार फिर चयन प्रक्रिया चल रही है, किन्तु दावों के अनुरूप कार्यकर्ताओं की सलाह से अध्यक्ष चुना जाएगा। इस पर संदेह जाहिर किया जा रहा है।

### अध्यक्ष पद के दावेदारों में शामिल

पर्यवेक्षक एआईसीसी के सचिव मनोज यादव के समक्ष जिलाध्यक्ष के दावेदारों में गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव, बसंत यादव, सुनील गोस्वामी, ठाकुर राम कश्यप, मिथिलेश शोरी, हेमंत ध्रुव, नितिन पोटाई, रोमनाथ जैन, नवली मीना मंडावी, रमेश गौतम, तरेंद्र भंडारी, संग्राम नेताम, हेमनारायण गजबल्ला, गोमती सलाम, सुमति नेताम, पुरूषोत्तम पाटिल ने दावेदारी किया है।

### संगठन में घमासान के हालात

चयन प्रक्रिया के आगे बढ़ने के साथ ही कांग्रेस नेताओं के बीच संघर्ष के हालात दिखाई देने लगे है। नेता अपनी लाइन बढ़ाने के साथ दूसरे प्रतिद्वंदी की जड़ों में मठा डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कुछ जातिगत और कुछ संख्या बल के आधार पर दावेदारी कर रहे हैं। कुछ ऐसे भी है, जो घोर विरोधी भाजपा से गठजोड़ करने से परहेज नहीं करते है। अब तक जितने भी दावेवारों के नाम सामने आए है, उसमें एक-दो को छोड़कर कोई भी ऐसा नहीं है, जिसकी जिलेभर में पहचान होने के साथ कार्यकर्ताओं के बीच पकड़ हो। मौजूदा वक्त में कांग्रेस को ऐसे अध्यक्ष की जरूरत है, जो सबको जोड़ते हुए सशक्त विपक्ष की भूमिका भी निभा सके।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411